कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

डॉ0 राजेन्द्र सिंह भाटी पुत्र श्री फतेह सिंह भाटी पताः— मॉ बाला सती लॉ ऐसोसियेट्स, रावत शॉपिंग मॉल, बाल मन्दिर स्कूल के पास, दूगड. विद्यालय रोड.मुख्य बाजार, सरदारशहर, जिला चुरू (राज.) 331403।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर)दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 05/2020

निर्णय दिनांक : 05.03.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर)दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल पूर्ण प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर)दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांक डी0एम0/कोर्ट/2020/562 दिनांक 14.02.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित उनके पत्रांक आरटीआई/2020/211 दिनांक 02.03.2020 द्वारा अवगत करवाया गया कि आवेदक द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी(न्याय शाखा) कलेक्ट्रेट दौसा से संबंधित होने के कारण इस कार्यालय के पत्रांकः आरटीआई/2019/1077 दिनांक 06.12.2019 द्वारा संबंधित को धारा 5(4) मे प्रेषित किया गया था। आवेदक द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी (न्याय शाखा) कलेक्ट्रेट दौसा द्वारा पत्रांक आरटीआई/2019/1192 दिनांक 27.12.2019 द्वारा आवेदक को दे दी गई थी। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा पुनः सूचना प्रभारी अधिकारी (न्याय शाखा) कलेक्ट्रेट दौसा से प्राप्त कर पत्रांक आरटीआई/2020/211 दिनांक 02.03.2020 के संलग्न कर इस न्यायालय को भिजवाई गई है। जिसकी प्रतिलिपि सूचनार्थ अपीलांट को पुनः सूचना संलग्न कर उपलब्ध करवाई गई है। चूॅकि उक्त पत्र में अंकितानुसार आवेदक को लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा द्वारा सूचना प्रेषित की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official